भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
भूमि संसाधन विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 308**
**दिनांक 02 दिसम्बर, 2025 को उत्तरार्थ**

**अटल भूजल योजना के अंतर्गत जलभरण परियोजनाएं**

**308. श्री अनूप संजय धोत्रे :**
**श्रीमती स्मिता उदय वाघ :**

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) महाराष्ट्र में पिछले तीन वर्षों के दौरान अटल भूजल योजना और एकीकृत जलभरण प्रबंधन कार्यक्रम जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों के अंतर्गत कार्यान्वित जलभरण विकास परियोजनाओं के प्रमुख उद्देश्य, विशेषताएँ और घटक क्या हैं;

(ख) महाराष्ट्र में पिछले तीन वर्षों के दौरान अटल भूजल योजना के अंतर्गत स्वीकृत और पूर्ण की गई कुल परियोजनाएँ कितनी हैं:

(ग) महाराष्ट्र में कार्यान्वित जलभरण परियोजनाओं की कुल संख्या कितनी है और भौगोलिक स्थिति क्या है;

(घ) महाराष्ट्र में पिछले तीन वर्षों के दौरान स्वीकृत, कार्यान्वित और पूर्ण की गई जलभरण और भूजल पुनर्भरण परियोजनाओं की कुल संख्या कितनी है;

(ङ) क्या महाराष्ट्र के जलगाँव लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में भूजल की कमी को दूर करने, सिंचाई दक्षता और सूखा प्रत्यास्थता के लिए कोई विशिष्ट परियोजनाएँ शुरू की गई हैं, यदि हां, तो वित्तीय आवंटन, कार्यान्वयन एजेंसियों और लाभार्थी गाँवों के कवरेज सहित तत्संबंधी व्यौरा क्या है; और

(च) महाराष्ट्र सहित जलगाँव और खानदेश जैसे ग्रामीण और अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में जल की कमी को दूर करने, सिंचाई क्षमता में सुधार करने और सतत तथा विश्वसनीय पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने में इन परियोजनाओं के समग्र प्रभाव संबंधी आकलन क्या है?

**उत्तर**

**ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(डॉ. चन्द्र शेखर पेम्मासानी)**

(क) से (घ) अटल भूजल योजना को जल शक्ति मंत्रालय ने लागू किया था। अटल भूजल योजना, एक समुदाय संचालित सहभागी भूजल प्रबंधन परियोजना है, जिसे सात राज्यों नामतः गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश की उन 8,203 ग्राम पंचायतों में प्राथमिकता के आधार पर एक पायलट स्कीम के तौर पर लागू किया गया था जहां जल की नितांत आवश्यकता थी। अटल भूजल योजना का मुख्य उद्देश्य समुदाय की भागीदारी और डिमांड-साइड कार्यकलापों पर फोकस करके चुने हुए राज्यों में भूजल प्रबंधन को बेहतर बनाना था, ताकि संसाधनों की स्थिरता सुनिश्चित हो सके। इस स्कीम का उद्देश्य संस्थागत और सरकारी फ्रेमवर्क को मजबूत करके और राज्यों को जमीनी स्तर पर भूजल संरक्षण के उपाय लागू करने के लिए बढ़ावा देकर इस उद्देश्य को हासिल करना था।

पूर्व में एकीकृत वाटरशेड प्रंबंधन कार्यक्रम के नाम से प्रचलित प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना के वाटरशेड विकास घटक (डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई) के मुख्य लक्ष्य और उद्देश्य वर्षा सिंचित/अवक्रमित भूमि की पैदावार क्षमता में सुधार करना; आजीविका और वाटरशेड की स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए समुदाय आधारित स्थानीय संस्थाओं को मज़बूत करना तथा क्रॉस लर्निंग और इंसेंटिव सिस्टम के ज़रिए वाटरशेड परियोजनाओं की दक्षता में सुधार लाना है। सरकार ने 15 दिसंबर, 2021 को डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0 के तौर पर इस स्कीम को जारी रखने की मंज़ूरी दे दी है। यह स्कीम महाराष्ट्र समेत सभी राज्यों में लागू की जा रही है।

शुरू की गई गतिविधियों में, *अन्य बातों के साथ-साथ,* रिज क्षेत्र शोधन, जल निकासी लाइन शोधन, मृदा एवं नमी संरक्षण, वर्षा जल संचयन, नर्सरी लगाना, चारागाह विकास, संपत्तिहीन व्यक्तियों के लिए आजीविका आदि शामिल हैं। इन हस्तक्षेपों के माध्यम से डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई के तहत बेहतर प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से निपटने के लिए किसानों की बेहतर क्षमता के माध्यम से सतत विकास सुनिश्चित करना अपेक्षित है।

डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0 के तहत, भूमि संसाधन विभाग ने महाराष्ट्र को 5.26 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में 140 वाटरशेड विकास परियोजनाओं की मंज़ूरी दी हैं, जिनकी कुल लागत 1251.14 करोड़ रु. (केन्द्रीय हिस्सा: 750.68 करोड़ रु.) है। अब तक, महाराष्ट्र को 476.93 करोड़ रु. का केन्द्रीय हिस्सा जारी किया जा चुका है। महाराष्ट्र में इस स्कीम के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ज़िले-वार/स्थान-वार विवरण **अनुबंध** में दिया गया है। ये परियोजनाएं कार्यान्वयन के अलग-अलग चरणों में हैं।

जल शक्ति मंत्रालय से मिली जानकारी के अनुसार, अटल भूजल योजना के तहत महाराष्ट्र के 13 जिलों के 43 ब्लॉकों मे 73 वाटरशेड परियोजनाओं के जरिए 1133 ग्राम पंचायतों के 1442 गांवों को कवर किया गया है। महाराष्ट्र राज्य में अटल भूजल योजना के तहत कुछ प्रमुख उपलब्धियां इस प्रकार हैं :

i) इस स्कीम के तहत आने वाली सभी 1,133 ग्राम पंचायतों में जल सुरक्षा योजना (WSPs) तैयार की गई हैं।

ii) स्वीकृत जल सुरक्षा योजनाओं (WSPs) के लिए चल रही/नई स्कीमों को मिलाकर 1016.56 करोड़ रुपये की पब्लिक फाइनेंसिंग की गई है, जबकि 738.20 करोड़ रुपये का लक्ष्य था।

iii) 75,000 हेक्टेयर क्षेत्र के लक्ष्य के मुकाबले अटल जल क्षेत्र के कुल 2.7 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में जल के कुशल उपयोग के तरीके**,** जैसे ड्रिप, स्प्रिंकलर, भूमिगत पाइपलाइन सिंचाई, मल्चिंग, फसल विविधीकरण, सीधे धान की बुवाई, जीरो टिलेज पद्धति आदि अपनाए गए हैं।

iv) महाराष्ट्र के अटल जल क्षेत्रों में जल सुरक्षा योजनाओं को लागू करने के लिए परियोजना अवधि के दौरान लगभग 9460 भूजल पुनर्भरण संरचनाएं निर्मित/नवीकृत की गई हैं।

(ङ) और (च) डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0 के तहत, महाराष्ट्र के जलगांव जिले (जिसमें जलगांव लोक सभा क्षेत्र भी शामिल है) में 10,184 हेक्टेयर क्षेत्रफल में कुल 3 वाटरशेड विकास परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं जिनकी कुल लागत 22.41 करोड़ रुपये (केंद्रीय हिस्सा: 13.44 करोड़ रुपये) है। चूंकि ये परियोजनाएं अभी पूरी होनी बाकी हैं, इसलिए इनका प्रभाव आकलन अभी नहीं हुआ है।

तथापि, पहले पूरी हो चुकी डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 1.0 परियोजनाओं की अन्य पक्ष एंड-लाइन मूल्यांकन रिपोर्ट्स से आम तौर पर पता चला है कि परियोजना क्षेत्रों में सतही और भूजल की उपलब्धता और उत्पादकता में वृद्धि हुई है, वानस्पतिक कवर, आजीविका के अवसर और घरेलू आय में काफी सुधार हुआ है।

अटल भूजल योजना के तहत कवर किए गए महाराष्ट्र के 43 ब्लॉक में से, वर्ष 2023 और 2024 में क्रमशः 04 और 12 ब्लाकों ने जल की कमी वाले क्षेत्रों में गिरते भू-जल स्तरों में सुधार या उसे स्थिर दिखाया है। वर्ष 2025 के दौरान, 39 ब्लॉक में ऐसे ही सुधार दिखे हैं।

सेंट्रल ग्राउंड वॉटर बोर्ड (सीजीडब्लूबी), जलगांव लोक सभा क्षेत्र समेत पूरे देश में भूजल स्तर पर नज़र रखता है। जलगांव ज़िले (जिसमें जलगांव लोक सभा क्षेत्र भी शामिल है) के लिए नवंबर 2024 के भू-जल स्तर संबंधी आंकड़ों की तुलना नवंबर (2014-2023) के दशक के औसत आंकड़ों से की गई है। इन आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि जिन कुओं पर नज़र रखी जा रही है, उनमें से लगभग 87% में भू-जल स्तर बढ़ा है। लगभग 13% कुओं में गिरावट दर्ज की गई है।

सीजीडब्ल्यूबी, राज्य सरकार के परामर्श से, वर्ष 2022 से हर वर्ष डायनामिक ग्राउंड वॉटर रिसोर्स असेसमेंट (GWRA) कर रहा है, जिसमें महाराष्ट्र के जलगांव और खानदेश शामिल हैं, ताकि भू-जल की उपलब्धता और निकासी का अद्यतित आकलन किया जा सके।

सीजीडब्ल्यूबी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, महाराष्ट्र राज्य में कुल 359 असेसमेंट यूनिट्स (तालुका) में से, 7 (1.95%) असेसमेंट यूनिट्स को 'ओवर-एक्सप्लॉइटेड' कैटेगरी में रखा गया है, जो दिखाता है कि सालाना रीप्लेनेबल भूजल पुनर्भरण से अधिक भूजल निकाला जा रहा है। राज्य में 5 (1.39%) असेसमेंट यूनिटों में भूजल निकालने का स्टेज 90-100% के बीच है और उन्हें 'क्रिटिकल' कैटेगरी में रखा गया है। 40 (11.14%) "सेमी-क्रिटिकल" यूनिट्स हैं, जहाँ भू-जल निकालने का स्टेज 70% और 90% के बीच है और 306 (85.24%) यूनिट्स को "सेफ" ब्लॉक की कैटेगरी में रखा गया है। 01 (0.28%) असेसमेंट यूनिट्स को "सलाइन" कैटेगरी में रखा गया है।

इसके अलावा खानदेश क्षेत्र में, ग्राउंड वॉटर रिसोर्स असेसमेंट (GWRA) 2025 की मुख्य बातें इस प्रकार हैं :

| **ज़िला** | **कुल वार्षिक भूजल पुनर्भरण (एमसीएम)** | **वार्षिक निष्कर्षणीय भूजल संसाधन (एमसीएम)** | **वार्षिक भूजल निष्कर्षण (एमसीएम)** | **भूजल निष्कर्षण का स्टेज (%)** | **वर्गीकरण** |
|---|---|---|---|---|---|
| जलगांव | 1442.67 | 1363.42 | 1064.56 | 78.08 | सेमी-क्रिटिकल |
| धुले | 780.37 | 739.77 | 357.81 | 48.37 | सुरक्षित |
| नंदुरबार | 520.33 | 493.75 | 206.19 | 41.76 | सुरक्षित |

भूजल निकालने के स्टेज के आधार पर, जलगांव सेमी-क्रिटिकल (78.08%) है, जबकि धुले (48.37%) और नंदुरबार (41.76%) सुरक्षित हैं।

*****

अनुबंध

**लोक सभा में दिनांक 02.12.2025 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 308 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**महाराष्ट्र में डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0 के तहत स्वीकृत वाटरशेड परियोजनाओं की ज़िले-वार विवरण**

(क्षेत्रफल हेक्टेयर में और रु. लाख में)

| क्र.सं. | ज़िला | परियोजना का नाम | ब्लॉक का नाम | स्वीकृत क्षेत्र | कुल लागत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अहमदनगर | अहमदनगर-डब्ल्यूडीसी - 1 /2021-22 | अकोले | 5160.51 | 1135.31 |
| 2 | अहमदनगर | अहमदनगर-डब्ल्यूडीसी - 2 /2021-22 | पथरडी | 2635.00 | 579.70 |
| 3 | अहमदनगर | अहमदनगर-डब्ल्यूडीसी - 3 /2021-22 | शेवगांव | 4086.76 | 899.08 |
| 4 | अहमदनगर | अहमदनगर-डब्ल्यूडीसी - 4 /2021-22 | अकोले | 5034.55 | 1107.6 |
| 5 | अहमदनगर | अहमदनगर-डब्ल्यूडीसी - 5 /2021-22 | अकोले | 3331.61 | 732.95 |
| 6 | अहमदनगर | अहमदनगर-डब्ल्यूडीसी - 6 /2021-22 | अकोले | 4278.56 | 941.28 |
| 7 | अहमदनगर | अहमदनगर-डब्ल्यूडीसी - 7 /2021-22 | पथरडी | 3510.00 | 772.20 |
| 8 | अकोला | अकोला-डब्ल्यूडीसी - 1 /2021-22 | बार्शीटाकली | 4584.00 | 1008.48 |
| 9 | अकोला | अकोला-डब्ल्यूडीसी - 2 /2021-22 | अकोला | 5021.95 | 1104.83 |
| 10 | अकोला | अकोला-डब्ल्यूडीसी - 3 /2021-22 | मुर्तिजापुर | 5168.49 | 1137.07 |
| 11 | अकोला | अकोला-डब्ल्यूडीसी - 4 /2021-22 | बालापुर | 2557.74 | 562.70 |
| 12 | अकोला | अकोला-डब्ल्यूडीसी - 5 /2021-22 | तेलारा | 1658.30 | 364.83 |
| 13 | अकोला | अकोला-डब्ल्यूडीसी - 6 /2021-22 | पातुर | 4753.02 | 1045.66 |
| 14 | अमरावती | अमरावती-डब्ल्यूडीसी - 1 /2021-22 | नंदगांव खंडेश्वर | 4240.60 | 932.93 |
| 15 | अमरावती | अमरावती-डब्ल्यूडीसी - 2 /2021-22 | धरनी | 2710.71 | 596.36 |
| 16 | अमरावती | अमरावती-डब्ल्यूडीसी - 3 /2021-22 | चंदूर रेलवे | 2363.00 | 519.86 |
| 17 | औरंगाबाद | औरंगाबाद-डब्ल्यूडीसी - 1 /2021-22 | खुलताबाद | 4276.00 | 940.72 |
| 18 | औरंगाबाद | औरंगाबाद-डब्ल्यूडीसी - 2 /2021-22 | खुलताबाद | 2878.00 | 633.16 |
| 19 | औरंगाबाद | औरंगाबाद-डब्ल्यूडीसी - 3 /2021-22 | वैजापुर | 3511.00 | 772.42 |
| 20 | औरंगाबाद | औरंगाबाद-डब्ल्यूडीसी - 4 /2021-22 | औरंगाबाद | 2315.00 | 509.30 |
| 21 | औरंगाबाद | औरंगाबाद-डब्ल्यूडीसी - 5 /2021-22 | गंगापुर | 3976.00 | 874.72 |
| 22 | औरंगाबाद | औरंगाबाद-डब्ल्यूडीसी - 6 /2021-22 | परिथन | 2748.00 | 604.56 |
| 23 | औरंगाबाद | औरंगाबाद-डब्ल्यूडीसी - 7 /2021-22 | वैजापुर | 2589.00 | 569.58 |
| 24 | बीड | बीईईडी-डब्ल्यूडीसी - 1 /2021-22 | अष्टी | 1968.00 | 432.96 |
| 25 | बीड | बीईईडी-डब्ल्यूडीसी - 2 /2021-22 | बीड | 4545.00 | 999.90 |
| 26 | बीड | बीईईडी-डब्ल्यूडीसी - 3 /2021-22 | जियोराई | 4129.41 | 908.47 |
| 27 | भंडारा | भंडारा-डब्ल्यूडीसी - 1 /2021-22 | तुमसर | 1171.32 | 257.69 |
| 28 | भंडारा | भंडारा-डब्ल्यूडीसी - 2 /2021-22 | तुमसर | 1296.00 | 285.12 |
| 29 | बुलढाणा | बुलढाणा-डब्ल्यूडीसी - 1 /2021-22 | देउलगांवराजा | 4211.71 | 926.58 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 30 | बुलढाणा | बुलढाणा-डब्ल्यूडीसी - 2 /2021-22 | चिखली | 3646.73 | 801.42 |
| 31 | बुलढाणा | बुलढाणा-डब्ल्यूडीसी - 3 /2021-22 | लोनार | 2498.59 | 549.68 |
| 32 | बुलढाणा | बुलढाणा-डब्ल्यूडीसी - 4 /2021-22 | मेहकर | 2506.87 | 551.51 |
| 33 | बुलढाणा | बुलढाणा-डब्ल्यूडीसी - 5 /2021-22 | खामगांव | 2683.83 | 590.44 |
| 34 | बुलढाणा | बुलढाणा-डब्ल्यूडीसी - 6 /2021-22 | बुलढाणा | 2632.37 | 579.12 |
| 35 | चंद्रपुर | चंद्रपुर-डब्ल्यूडीसी - 1 /2021-22 | जीवती | 4329.74 | 952.54 |
| 36 | चंद्रपुर | चंद्रपुर-डब्ल्यूडीसी - 2 /2021-22 | वरोरा | 2664.00 | 586.08 |
| 37 | चंद्रपुर | चंद्रपुर-डब्ल्यूडीसी - 3 /2021-22 | सिंधेवाही | 3498.22 | 769.61 |
| 38 | चंद्रपुर | चंद्रपुर-डब्ल्यूडीसी - 4 /2021-22 | कोपर्ना | 4305.88 | 947.29 |
| 39 | चंद्रपुर | चंद्रपुर-डब्ल्यूडीसी - 5 /2021-22 | नागबीड़ | 4300.93 | 946.20 |
| 40 | चंद्रपुर | चंद्रपुर-डब्ल्यूडीसी - 6 /2021-22 | नागबीड़ | 4024.14 | 885.31 |
| 41 | चंद्रपुर | चंद्रपुर-डब्ल्यूडीसी - 7 /2021-22 | जीवती | 4957.45 | 1090.63 |
| 42 | चंद्रपुर | चंद्रपुर-डब्ल्यूडीसी - 8 /2021-22 | मुल | 2920.19 | 642.44 |
| 43 | गढ़चिरोली | गढ़चिरौली-डब्ल्यूडीसी - 1 /2021-22 | अहेरी | 4062.15 | 1137.62 |
| 44 | गढ़चिरोली | गढ़चिरौली-डब्ल्यूडीसी - 2 /2021-22 | एटापल्ली | 3315.84 | 928.43 |
| 45 | गढ़चिरोली | गढ़चिरौली-डब्ल्यूडीसी - 3 /2021-22 | एटापल्ली कासनूर | 3840.85 | 1075.43 |
| 46 | गढ़चिरोली | गढ़चिरौली-डब्ल्यूडीसी - 4 /2021-22 | सिरोंचा | 3536.61 | 990.25 |
| 47 | गोंदिया | गोंदिया-डब्ल्यूडीसी - 1 /2021-22 | आमगांव | 3688.83 | 1032.87 |
| 48 | गोंदिया | गोंदिया-डब्ल्यूडीसी - 2 /2021-22 | सालेकासा | 3126 | 875.28 |
| 49 | गोंदिया | गोंदिया-डब्ल्यूडीसी - 3 /2021-22 | सालेकासा | 4447.73 | 1245.36 |
| 50 | गोंदिया | गोंदिया-डब्ल्यूडीसी - 4 /2021-22 | देवरी | 3717.61 | 1040.93 |
| 51 | गोंदिया | गोंदिया-डब्ल्यूडीसी - 5 /2021-22 | देवरी | 4406.83 | 1233.91 |
| 52 | हिंगोली | हिंगोली-डब्ल्यूडीसी - 1 /2021-22 | कलमनुरी | 6898.00 | 1517.56 |
| 53 | हिंगोली | हिंगोली-डब्ल्यूडीसी - 2 /2021-22 | कलमनुरी | 4891.00 | 1076.02 |
| 54 | हिंगोली | हिंगोली-डब्ल्यूडीसी - 3 /2021-22 | शेंगाँव | 5799.69 | 1275.93 |
| 55 | जलगांव | जलगांव-डब्ल्यूडीसी - 1 /2021-22 | अमलनेर | 3914.84 | 861.26 |
| 56 | जलगांव | जलगांव-डब्ल्यूडीसी - 2 / 2021-22 | पालोरा | 3928.67 | 864.31 |
| 57 | जलगांव | जलगांव-डब्ल्यूडीसी - 3 /2021-22 | पचोरा | 2341.00 | 515.02 |
| 58 | जलना | जालना-डब्ल्यूडीसी - 1 /2021-22 | अम्बाद | 2667.95 | 586.94 |
| 59 | जलना | जालना-डब्ल्यूडीसी - 2 /2021-22 | जाफराबाद | 2588.00 | 569.36 |
| 60 | लातूर | लातूर-डब्ल्यूडीसी - 1 /2021-22 | निलंगा | 1760.00 | 387.20 |
| 61 | लातूर | लातूर-डब्ल्यूडीसी - 3 /2021-22 | औसा | 5113.00 | 1124.86 |
| 62 | नांदेड़ | नांदेड़-डब्ल्यूडीसी - 1 /2021-22 | भोकर | 5872.54 | 1291.95 |
| 63 | नांदेड़ | नांदेड़-डब्ल्यूडीसी - 2 /2021-22 | डेग्लुर | 5755.85 | 1266.29 |
| 64 | नांदेड़ | नांदेड़-डब्ल्यूडीसी - 3 /2021-22 | किनवट | 2961.92 | 652.08 |
| 65 | नांदेड़ | नांदेड़-डब्ल्यूडीसी - 4 /2021-22 | किनवट | 3990.99 | 878.02 |
| 66 | नंदुरबार | नंदुरबार-डब्ल्यूडीसी - 1 /2021-22 | तलोदा | 4636.06 | 1019.93 |
| 67 | नंदुरबार | नंदुरबार-डब्ल्यूडीसी - 2 /2021-22 | अक्कलकुआ | 5736.47 | 1262.02 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 68 | नंदुरबार | नंदुरबार-डब्ल्यूडीसी - 3 /2021-22 | अक्रानी | 2477.44 | 545.04 |
| 69 | नंदुरबार | नंदुरबार-डब्ल्यूडीसी - 4 /2021-22 | नंदुरबार | 3533.29 | 777.32 |
| 70 | नासिक | नासिक-डब्ल्यूडीसी - 1 /2021-22 | सताना | 3047.03 | 853.17 |
| 71 | नासिक | नासिक-डब्ल्यूडीसी - 2 /2021-22 | डिंडोरी | 2956.44 | 827.8 |
| 72 | नासिक | नासिक-डब्ल्यूडीसी - 3 /2021-22 | मालेगांव | 2855.49 | 799.54 |
| 73 | उस्मानाबाद | उस्मानाबाद-डब्ल्यूडीसी - 1 /2021-22 | कलाम | 2651.00 | 583.22 |
| 74 | उस्मानाबाद | उस्मानाबाद-डब्ल्यूडीसी - 2 /2021-22 | तुलजापुर | 3776.00 | 830.72 |
| 75 | उस्मानाबाद | उस्मानाबाद-डब्ल्यूडीसी - 3 /2021-22 | तुलजापुर | 3885.00 | 854.70 |
| 76 | उस्मानाबाद | उस्मानाबाद-डब्ल्यूडीसी - 4 /2021-22 | उस्मानाबाद | 2975.00 | 654.50 |
| 77 | उस्मानाबाद | उस्मानाबाद-डब्ल्यूडीसी - 5 /2021-22 | उस्मानाबाद | 2576.0 | 566.72 |
| 78 | उस्मानाबाद | उस्मानाबाद-डब्ल्यूडीसी - 6 /2021-22 | तुलजापुर | 4669.62 | 1027.32 |
| 79 | पालघर | पालघर-डब्ल्यूडीसी - 1 /2021-22 | पालघर | 4524.60 | 995.41 |
| 80 | पालघर | पालघर-डब्ल्यूडीसी - 2 /2021-22 | वाडा | 4103.14 | 903.14 |
| 81 | पालघर | पालघर-डब्ल्यूडीसी - 3 /2021-22 | पालघर | 4724.66 | 1039.43 |
| 82 | पालघर | पालघर-डब्ल्यूडीसी - 4 /2021-22 | तलासरी | 5481.71 | 1205.98 |
| 83 | पालघर | पालघर-डब्ल्यूडीसी - 5 /2021-22 | पालघर | 4846.14 | 1066.15 |
| 84 | पालघर | पालघर-डब्ल्यूडीसी - 6 /2021-22 | दहानु | 3941.89 | 867.21 |
| 85 | पालघर | पालघर-डब्ल्यूडीसी - 7 /2021-22 | दहानु | 2502.25 | 550.50 |
| 86 | पालघर | पालघर-डब्ल्यूडीसी - 8 /2021-22 | दहानु | 3065.56 | 674.42 |
| 87 | परभणी | परभणी-डब्ल्यूडीसी - 1 /2021-22 | गंगाखेड़ | 2002.78 | 440.61 |
| 88 | परभणी | परभणी-डब्ल्यूडीसी - 2 /2021-22 | जिंतुर | 5378.00 | 1183.16 |
| 89 | परभणी | परभणी-डब्ल्यूडीसी - 3 /2021-22 | गंगाखेड़ | 3791.00 | 834.02 |
| 90 | पुणे | पुणे-डब्ल्यूडीसी - 1 /2021-22 | खेड़ | 5375.88 | 1505.16 |
| 91 | रायगढ़ | रायगढ़-डब्ल्यूडीसी - 1 /2021-22 | रोहा | 5236.34 | 1466.17 |
| 92 | रायगढ़ | रायगढ़-डब्ल्यूडीसी - 2 /2021-22 | रोहा | 3825.00 | 1071.00 |
| 93 | रायगढ़ | रायगढ़-डब्ल्यूडीसी - 3 /2021-22 | मुरुदजंगीरा | 2540.00 | 711.20 |
| 94 | रायगढ़ | रायगढ़-डब्ल्यूडीसी - 4 /2021-22 | मनगांव | 4115.93 | 1152.46 |
| 95 | रायगढ़ | रायगढ़-डब्ल्यूडीसी - 5 /2021-22 | मनगांव | 4913.37 | 1375.74 |
| 96 | रायगढ़ | रायगढ़-डब्ल्यूडीसी - 6 /2021-22 | मनगांव | 5494.94 | 1538.58 |
| 97 | रायगढ़ | रायगढ़-डब्ल्यूडीसी - 7 /2021-22 | मनगांव | 5342.48 | 1495.89 |
| 98 | रायगढ़ | रायगढ़-डब्ल्यूडीसी - 8 /2021-22 | अलीबाग | 3773.5 | 1056.58 |
| 99 | रायगढ़ | रायगढ़-डब्ल्यूडीसी - 9 /2021-22 | पेन | 3200.82 | 896.23 |
| 100 | रायगढ़ | रायगढ़-डब्ल्यूडीसी - 10 /2021-22 | ताला | 2925.33 | 819.09 |
| 101 | रत्नागिरि | रत्नागिरी-डब्ल्यूडीसी - 1 /2021-22 | लांजा | 3060.00 | 856.80 |
| 102 | रत्नागिरि | रत्नागिरी-डब्ल्यूडीसी - 2 / 2021-22 | मंदनगढ़ | 2968.14 | 831.08 |
| 103 | रत्नागिरि | रत्नागिरी-डब्ल्यूडीसी - 3 /2021-22 | चिपलुन | 2548.00 | 713.44 |
| 104 | रत्नागिरि | रत्नागिरी-डब्ल्यूडीसी - 4 /2021-22 | चिपलुन | 4922.70 | 1378.36 |
| 105 | रत्नागिरि | रत्नागिरी-डब्ल्यूडीसी - 5 /2021-22 | गुहागर | 4937.57 | 1382.52 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 106 | रत्नागिरि | रत्नागिरी-डब्ल्यूडीसी - 6 /2021-22 | गुहागर | 3820.28 | 1069.68 |
| 107 | रत्नागिरि | रत्नागिरी-डब्ल्यूडीसी - 7 /2021-22 | गुहागर | 3995.43 | 1118.72 |
| 108 | रत्नागिरि | रत्नागिरी-डब्ल्यूडीसी - 8 /2021-22 | राजापुर | 2080.46 | 582.53 |
| 109 | रत्नागिरि | रत्नागिरी-डब्ल्यूडीसी - 9 /2021-22 | रत्नागिरि | 3760.00 | 1052.80 |
| 110 | सांगली | सांगली-डब्ल्यूडीसी - 1 /2021-22 | जत | 4000.00 | 880.00 |
| 111 | सांगली | सांगली-डब्ल्यूडीसी - 2 /2021-22 | जत | 5000.00 | 1100.00 |
| 112 | सांगली | सांगली-डब्ल्यूडीसी - 3 /2021-22 | जत | 3212.54 | 706.76 |
| 113 | सांगली | सांगली-डब्ल्यूडीसी - 4 /2021-22 | जत | 3200.00 | 704.00 |
| 114 | सिंधुदुर्ग | सिंधुदुर्ग-डब्ल्यूडीसी - 1 /2021-22 | डोडामार्ग | 3740.85 | 1047.43 |
| 115 | सिंधुदुर्ग | सिंधुदुर्ग-डब्ल्यूडीसी - 2 /2021-22 | डोडामार्ग | 4341.35 | 1215.57 |
| 116 | सिंधुदुर्ग | सिंधुदुर्ग-डब्ल्यूडीसी - 3 /2021-22 | डोडामार्ग | 3604.40 | 1009.23 |
| 117 | सिंधुदुर्ग | सिंधुदुर्ग-डब्ल्यूडीसी - 4 /2021-22 | डोडामार्ग | 4566.86 | 1278.72 |
| 118 | सिंधुदुर्ग | सिंधुदुर्ग-डब्ल्यूडीसी - 5 /2021-22 | डोडामार्ग | 4450.34 | 1246.09 |
| 119 | सिंधुदुर्ग | सिंधुदुर्ग-डब्ल्यूडीसी - 6 /2021-22 | वैभववाड़ी | 3124.24 | 874.78 |
| 120 | सिंधुदुर्ग | सिंधुदुर्ग-डब्ल्यूडीसी - 7 /2021-22 | वैभववाड़ी | 3236.64 | 906.25 |
| 121 | सिंधुदुर्ग | सिंधुदुर्ग-डब्ल्यूडीसी - 8 /2021-22 | डोडामार्ग | 4552.93 | 1274.82 |
| 122 | सिंधुदुर्ग | सिंधुदुर्ग-डब्ल्यूडीसी - 9 /2021-22 | डोडामार्ग | 3166.96 | 886.74 |
| 123 | सोलापुर | सोलापुर-डब्ल्यूडीसी - 1 /2021-22 | माढा | 3801.44 | 836.31 |
| 124 | सोलापुर | सोलापुर-डब्ल्यूडीसी - 2 /2021-22 | मंगलवेधा | 4197.90 | 923.54 |
| 125 | सोलापुर | सोलापुर-डब्ल्यूडीसी - 3 /2021-22 | माढा | 4344.83 | 955.86 |
| 126 | सोलापुर | सोलापुर-डब्ल्यूडीसी - 4 /2021-22 | संगोला | 2641.20 | 581.06 |
| 127 | ठाणे | ठाणे-डब्ल्यूडीसी - 1 /2021-22 | साहपुर | 3471.34 | 763.69 |
| 128 | वर्धा | वर्धा-डब्ल्यूडीसी - 1 /2021-22 | सेलु | 2998.39 | 659.65 |
| 129 | वर्धा | वर्धा-डब्ल्यूडीसी - 2 /2021-22 | समुद्रपुर | 3210.78 | 706.37 |
| 130 | वर्धा | वर्धा-डब्ल्यूडीसी - 3 /2021-22 | सेलू | 2670.25 | 587.46 |
| 131 | वर्धा | वर्धा-डब्ल्यूडीसी - 4 /2021-22 | सेलू | 3772.87 | 830.03 |
| 132 | वाशिम | वाशिम-डब्ल्यूडीसी - 1 /2021-22 | मंगलूरपीर | 4293.50 | 944.57 |
| 133 | वाशिम | वाशिम-डब्ल्यूडीसी - 2 /2021-22 | करंजा | 4029.18 | 886.41 |
| 134 | वाशिम | वाशिम-डब्ल्यूडीसी - 3 /2021-22 | वाशिम | 2844.52 | 625.79 |
| 135 | वाशिम | वाशिम-डब्ल्यूडीसी - 4 /2021-22 | रिसोड | 5626.05 | 1237.73 |
| 136 | वाशिम | वाशिम-डब्ल्यूडीसी - 5 /2021-22 | मालेगांव | 3461.78 | 761.59 |
| 137 | वाशिम | वाशिम-डब्ल्यूडीसी - 6 /2021-22 | मनोरा | 5756.00 | 1266.32 |
| 138 | वाशिम | वाशिम-डब्ल्यूडीसी - 7 /2021-22 | रिसोड | 4048.00 | 890.56 |
| 139 | यवतमाल | यवतमाल-डब्ल्यूडीसी - 2 /2021-22 | दिग्रस | 3575.07 | 786.52 |
| 140 | यवतमाल | यवतमाल-डब्ल्यूडीसी - 3 /2021-22 | दिग्रस | 3765.46 | 828.40 |

******